<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- सीबीआई की टीम ने पाकुड़ में आयकर चोरी और रिश्वत मामले में आरोपी कोयला व पत्थर कारोबारी हाकिम मोमिन और सहयोगी नीरज अग्रवाल से की पूछताछ, अहम दस्तावेज जब्त।
- चंपाई सोरेन के इस्तीफे के बाद घाटशिला से झामुमो विधायक रामदास सोरेन हेमंत मंत्रिमंडल में हुए शामिल, राज्यपाल ने उन्हें मंत्री पद की दिलायी शपथ।
- पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज भाजपा में होंगे शामिल, विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई वरिष्ठ नेता अभिनंदन समारोह में रहेंगे मौजूद।
- उच्च न्यायालय ने शैक्षणिक संस्थानों और मंदिरों के आस–पास मादक पदार्थों की खरीद–बिक्री रोकने को लेकर बनी एसओपी में मिले सुझावों पर सरकार को अमल करने का दिया निर्देश।

**************

पाकुड़ में आयकर चोरी और रिश्वत मामले में छापेमारी करने पहुंची सीबीआई की टीम ने आरोपी कोयला और पत्थर कारोबारी हाकिम मोमिन और सहयोगी नीरज अग्रवाल से पूछताछ की। सीबीआई के अधिकारियों ने जीएसटी राशि के हेरफेर मामले को रफा–दफा करने के लिए आयकर अधिकारियों को कथित रूप से रिश्वत दिये जाने के मामले में भी दोनों से पूछताछ की। सीबीआई ने हाकिम और नीरज के घर से कई दस्तावेज भी जब्त किया है।

**************

घाटशिला से झामुमो विधायक रामदास सोरेन आज हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल हो गये। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, रामेश्वर उरांव के अलावा कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के झामुमो के सभी पदों से इस्तीफा देने के बाद मंत्री पद रिक्त हो गया था। रामदास सोरेन को वही विभाग सौंपे गए हैं जो चंपाई सोरेन के पास थे।

**************

झामुमो के सभी पदों और हेमंत सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके चंपाई सोरेन आज भाजपा में शामिल होंगे। राजधानी रांची के धुर्वा स्थित गोलचक्कर मैदान में आयोजित अभिनंदन समारोह में वे अपने समर्थक के साथ भाजपा की सदस्यता लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

इससे पहले उन्होंने कहा कि आदिवासियों को बचाने और झारखंड के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं।

चंपाई सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में वे आदिवासियों के अस्तित्व को बचा पायेंगे।

**************

इधर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चंपाई सोरेन भाजपा के लिए और झारखंड को बचाने के लिए एक संपत्ति हैं। वह एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने मुख्यमंत्री बनकर झारखंड को सही रास्ते पर लाने का काम किया लेकिन उनकी जासूसी शुरू कर दी गयी। यह पूरे झारखंड के लिए एक अपमानजनक बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने के उनके फैसले का हम स्वागत करते हैं। उनके शामिल होने से यहां भाजपा को मजबूती मिलेगी।

**************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**************

झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को शैक्षणिक संस्थानों और मंदिरों के आस–पास मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने के लिए बनी गाइडलाइन में मिले सुझावों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि उत्पाद विभाग के एसओपी में इन सुझाओं पर ध्यान दिया जाये ताकि शैक्षणिक संस्थानों और मंदिरों के आस–पास नशे से जुड़ी चीजों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने में मदद मिले। इसके अलावा अदालत ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम से रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट के संचालन पर भी जवाब मांगा है।

**************

गिरिडीह जिले में डालसा और जिला प्रशासन की ओर से विशेष शिविर लगाकर दिव्यांग बच्चों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया।

**************

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण आज से शुरू हो गया। यह कार्यक्रम सभी जिलों में 15 सितंबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के कोने–कोने में कैंप लगाकर सरकार और प्रशासन घर तक पहुंच रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि शिविरों में जाकर योजनाओं का लाभ लें।

**************

पूरे राज्य में आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत करेगी। कोडरमा पुलिस, लोगों की शिकायतों को सुनने और उनकी समस्याओं के निष्पादन के लिए 2 सितंबर को तीन जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन करेगी।

**************

संक्षिप्त खबरें

- जामताड़ा जिले के नाला थाना क्षेत्र की मुख्य सड़क पर हादसे में एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। मृतक के परिजनों को लाभ देने के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटा।
- देवघर जिले में ग्रामीण चौकीदार पद के लिए 14 हजार से अधिक आवेदन आये हैं। देवघर में चौकीदार भर्ती के लिए कुल 286 पद हैं। डीएमएफटी सेल में आवेदकों के आवेदनों की इंट्री की जा रही है। चौकीदार भर्ती के लिए मैट्रिक उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

- कोडरमा के जयनगर में एक गर्भवती महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया है। सात वर्ष पहले तरन्नुम का निकाह हुआ था। मृतक के परिजनों ने महिला को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

***********************